हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

फरवरी, 2021

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है । शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) रो रोकर सिसक सिसक कर
कहता मैं करुण कहानी
तुम सुमन नोचते सुनते
करते जानी अनजानी ।

मैं बल खाता जाता था
मोहित बेसुध बलिहारी
अन्तर के तार खिंचे थे
तीखी थी तान हमारी

(ख) जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर,
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर !
चूस लिया है उसका सार,
हाड़-मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार

(ग) प्रथम रश्मि का आना रंगिणि !
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ, कहाँ हे बाल विहंगिनी !
पाया तूने यह गाना ?
सोई थी तू स्वप्न-नीड़ में
पंखों के सुख में छिपकर,
ऊँघ रहे थे, घूम द्वार पर
प्रहरी से जुगनू नाना ।

(घ) दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद ।

(ङ) डूब गयीं संध्याएँ, अस्त हुआ इन्द्रधनुष !
लेकिन मैं
पत्थर का शप्त धनुष !
मुझ में से जल अहरह, अनचाहे, अनजाने
तीरों-सा छूट रहा ।

2. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कविता की प्रमुख विशेषताएँ बताइए । *16*

3. "मैथिलीशरण गुप्त स्त्री जीवन के प्रति अपार सहानुभूति रखने वाले कवि हैं ।" इस कथन की समीक्षा कीजिए । *16*

4. छायावादी काव्य में राष्ट्रीय चेतना की पहचान कीजिए । *16*

5. 'कामायनी' में अन्तर्निहित जीवन-दर्शन को स्पष्ट कीजिए । *16*

6. सुमित्रानंदन पंत के काव्य सौन्दर्य को रेखांकित कीजिए । *16*

7. नागार्जुन की काव्य संवेदना पर विचार कीजिए । *16*

8. 'अंधेरे में' कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । *16*

9. राष्ट्रीय चेतना के प्रखर कवि के रूप में दिनकर का मूल्यांकन कीजिए । *16*